'बिरला व्हाइट युवारत्न'

MITS की स्टूडेंट ने जीता अवार्ड

ग्वालियर के माधव इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (एमआईटीएस) में चौथे वर्ष की स्टूडेंट जागृति जैन ने भारत का सर्वोत्तम डिजाइन पुरस्कार प्राप्त किया है. पिछले साल घोषित की गई 'बिरला व्हाइट युवारत्न' प्रतियोगिता के एक हिस्से के रूप में उसने अमरावती कन्वेंशन सेंटर का कॉन्सेप्ट डिजाइन किया था. हर साल बिरला व्हाइट की ओर से आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता में यह अवॉर्ड आर्किटेक्चरल समुदाय का सबसे प्रशंसनीय भारतीय डिजाइन पुरस्कार है. भारत के निर्माण के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के 'डिज़ाइन ऑफ इंडिया' विजन से प्रेरित यह प्रतियोगिता युवा वास्तुकारों को डिजाइन और रचनात्मकता की सीमा से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है. इस प्रतियोगिता को भारत और नेपाल के छात्रों की ओर से काफी प्रतिक्रिया मिली है. बिरला व्हाइट को 100 संस्थानों से 2,000 से ज्यादा प्रविष्टियां मिली.

मुंबई में पिछले सप्ताह हुई फाइनल प्रतियोगिता में विजेताओं ने अपने प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया. आदित्य बिरला ग्रुप की कंपनियों की डायरेक्टर बोर्ड मेंबर श्रीमती राजश्री बिरला ने भारत के वास्तुकारों और निर्माण क्षेत्र से जुड़े प्रोफेशनल्स की मौजूदगी में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया. जिसमें आर्किटेक्ट राजीव साठे, केतन वैद्य और निशांत गुप्ता आदि को मिले थे.